प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार–प्रसार व फीडबैक मैकेनिज्म को प्रभावी बनाये जाने के उद्‌देश्य से लोक कल्याण मित्र इन्टर्नशिपक कार्यक्रम के अन्तर्गत, आउटसोर्सिंग से लोक कल्याण मित्र रखे जाने के सम्बन्ध में निविदा में वेण्डरों के लिये पात्र लोक कल्याण मित्र में नियुक्ति किये जाने वाले कर्मचारियों हेतु वांक्षित अर्हताये, कार्यकाल व पारिश्रमिक निम्नलिखित है।

शासनादेश सं0 1839/उन्नीस–1–2018–20/2018 दिनांक 17.09.2018 द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार–प्रसार व फीडबैक मैकेनिज्म को प्रभावी बनाये जाने के उद्‌देश्य से लोक कल्याण मित्र इन्टर्नशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत, आउटसोर्सिंग से लोक कल्याण मित्र रखे जाने हेतु प्रदेश के 75 जिलो में से 63 जिलों (अलीगढ,बांदा, चित्रकूट, महोबा, ललितपुर, फैजाबाद, बरेली, बस्ती लखनऊ, हरदोई,रायबरेली एवं सहारनपुर को छोडकर) के प्रत्येक ब्लाक में लोक कल्याण मित्र इन्टर्नशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत, उ0प्र0 लघु उद्योग निगम लि0 के चयनित वेण्डरो के माध्यम से निर्धारित योग्यता/विशेष अहर्ता प्राप्त लोक कल्याण मित्र एवं दो प्रदेश स्तरीय लोक कल्याण मित्र आउटसोर्सिंग से लोक कल्याण मित्र रखे जाने हेतु नियम एवं शर्ते निम्नलिखित है:–

कार्यकाल–

लोक कल्याण मित्र अधिकतम दो वर्ष के लिये रखे जाएंगे। उन्हें एक वर्ष की प्राथमिक अवधि के लिए आउटसोर्सिंग से रखा जाएगा। त्रैमासिक परफार्मेन्स की समीक्षा सूचना विभाग द्वारा किया जायेगा एवं परफार्मेन्स सही न होने पर सेवाप्रदाता द्वारा सम्बन्धित लोक कल्याण मित्र का परिवर्तन करेगा। त्रैमासिक परफार्मेन्स की समीक्षा के आधर पर उनकी कार्यावधि में बढ़ोत्तरी की जाएगी। कार्यक्रम की लाभप्रदता एवं उपादेयता के दृष्टिगत शासन के सक्षम स्तर के अनुमोदन से इर्न्टशिप कार्यक्रम की एक वर्ष की प्राथमिक अवधि को आगामी एक वर्ष के लिये अधिकतम बढ़ाया जा सकता है। लोक कल्याण मित्र के असन्तोषजनक कार्य की दशा में बिना किसी पूर्व नोटिस के उनकी अवधि किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।

योग्यता–

1– उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो चाहिए।
2– आवेदन के समय आवेदक की न्यनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना 01 जुलाई को कट–आफ–डेट मानते हुए की जायेर्गी
3– इंजीनियरिंग/चिकित्सा/विज्ञान/कला/कानून/कृषि विज्ञान/वाणिज्य में स्नातक।
4– लोकसंवाद पटल/सामाजिक कार्य में 2 वर्ष का कार्य अनुभव।
5– इस इंटरशिप प्रोग्राम हेतु कम से कम 30 प्रतिशत महिला अभ्यर्थियों का चयन किया जाय।
6– कम्प्यूटर की जानकारी होनी चाहिए।

Scanned with CamScanner

विशेष अर्हता/अन्य योग्यतायें–

1– उन्कृष्ट संवाद।

2– स्वतः प्रेरित/स्वतः प्रेरणा से कार्य प्रारम्भ कराकर स्वतंत्र रूप से कार्य करने की क्षमता।

3– M.S. Office Software (M.S>-. Woed. M.S.Excel & M.S. Powerpoint) में निपुण।

4– स्मार्टफोन धारक/संचालन में निपुण।

5–हिन्दी भाषा में धारा प्रवाह लेखन/वाचन।

पारिश्रमिक–

ब्लाक स्तर के लोक कल्याण मित्र को रू0 25,000/– पारिश्रमिक प्रतिमाह देय होगा तथा यात्रा /बिल के सत्यापन पर अधिकतम रू0 5,000/– तक प्रतिमाह यात्रा भत्ता तथा प्रदेश स्तरीय कल्याण मित्र को रू0 35000/– पारिश्रमिक प्रतिमाह देय होगा तथा यात्रा/बिल के सत्यापन पर अधिकतम रू. 10,000/– प्रतिमाह यात्रा भत्ता दिया जायेगा। सभी लोक कल्याण मित्रों द्वारा अपने लिए आवास एवं अन्य व्यवस्था स्वयं की जायेगी। ब्लाक स्तरीय लोक कल्याण मित्रों के मासिक पारिश्रमिक/यात्रा भत्तें के संबंध में आउटसोर्सिंग एजेंसी को भुगतान की कार्यवाही, संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों से प्राप्त मासिक सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर, जनपद मुख्यालय पर सूचना विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति प्राप्त कर की जायेगी। प्रदेश स्तरीय कल्याण मित्रों को पारिश्रमिक एवं यात्रा भत्ता हेतु संबंधित आउटसोर्सिंग एजेंसी को भुगतान के संबंध में आवश्यक सतयापन के आधार पर निदेशक, सूचना द्वारा कार्यवाही की जायेगी।

प्रशिक्षण सहभागी (पार्टनर)–

इंटर्नशिप कार्यक्रम के पूर्व सभी लोक कल्याण मित्रों को 2 सप्ताह का कार्यालय प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण विभिन्न सरकारी माड्यूल्स , जैसे सरकारी ढॉचे, क्रियाकलाप, विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाएं, रिपोर्ट तैयार करने, MITR Mob. Application, Pra टूल्स एवं तकनीकी तथा अन्य योजनाओं से संबधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। ट्रेनिंग पार्टनर द्वारा ग्रुप डिस्कशन एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु सदस्य नामित किये जायेंगे। प्रशिक्षण हेतु निम्नांकित संस्थाओं को ट्रेनिंग पार्टनर के रूप में विचार किया जा सकता है:–

1. Giri Institute of Development Studies, Lucknow
2. Banaras Hindu Unversity, Varanasi
3. Tata Institute of Social Sciences, New Delhi
4. Indian Institute of Management, Lucknow

इस हेतु अन्य ट्रेनिंग एजेन्सी भी रखी जा सकती है।

Scanned with CamScanner